# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

## हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा नवम्बर–2019

## सार्वजनिक सूचना

सभी सम्बन्धित को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि बोर्ड कार्यालय द्वारा दिनांक 16.11.2019 व 17.11.2019 को आयोजित करवाई गई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा(एचटेट) लेवल–1(PRT), लेवल–2(TGT) व लेवल–3(PGT) से सम्बन्धित सभी विषयों की ड्राफ्ट उत्तरकुंजी (Answer Key) दिनांक 19.11.2019 को बोर्ड की वैबसाइट www.bseh.org.in पर सार्वजनिक कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न–पत्र बुकलेट में दिए गए किसी भी प्रश्न या उत्तर कुंजी में दिए गए किसी भी प्रश्न के उत्तर(विकल्प) के बारे में कोई आपत्तिं हो तो इस सम्बन्ध में पूर्ण तथ्यों/प्रमाणों सहित दिनांक 21.11.2019 से 25.11.2019 सांय 5.00 बजे तक निर्धारित शुल्क 200/–प्रति प्रश्न अनुसार जमा करवाते हुए अपनी आपत्ति ऑनलाइन बोर्ड की वैबसाइट पर दर्ज करवा सकते हैं। यदि किसी प्रश्न के सम्बन्ध में दर्ज करवाई गई आपत्ति सही पाई जाती है तो ऐसी स्थिति में उस प्रश्न के लिए जमा शुल्क अभ्यर्थी को वापिस (Refund) कर दिया जाएगा। प्रश्न–पत्र व उत्तरकुंजी के सम्बन्ध में दिनांक 25.11.2019 के पश्चात् प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा बिना किसी नोटिस के आपत्ति अस्वीकृत कर दी जाएगी।

सचिव